परीक्षा नियंत्रक

Controller of Examination

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,
गोरखपुर–273009 (उ0प्र0) भारत

Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur-273009 (U.P.) India
Moblie-9450634910

पत्रांकः1249/प0नि0का0/2017

दिनांक 21/08/2017

सेवा में,

प्राचार्य,

महाराणा प्रताप म0वि0

जंगल धूषण गो0

विषयः– वर्ष–2017 परीक्षा की छुटी प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षा सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

माननीय कुलपति महोदय के आदेश के क्रम में विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों की बी0ए0/बी0एस–सी0/बी0एस–सी0 (कृषि) तथा एम0ए0/एम0काम0/एम0एस–सी0/एम0एस–सी0 (कृषि) वर्ष–2017 की **मुख्य परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों की छुटी प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा हेतु** मैनुवल परीक्षा आवेदन फार्म भरने एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालय के प्रशासकिय भवन स्थित लेखा अनुभाग, के काउन्टर पर जमा करने की तिथि निम्नवत निर्धारित की गयी है–

| | |
|---|---|
| मैनुवल परीक्षा फार्म भरने एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालय के प्रशासकीय भवन स्थित लेखा अनुभाग, के काउण्टर पर जमा करने की अंतिम तिथि | **दिनांक 02/09/2017 तक** |
| सम्पूरित परीक्षा फार्म परीक्षा सामान्य अनुभाग में जमा करने की अंतिम तिथि | **दिनांक 04/09/2017 तक** |

## निर्धारित परीक्षा शुल्क

**प्रत्येक अभ्यर्थी के एक कक्षा की एक विषय के प्रायोगिक परीक्षा हेतु रू0 2500.00 (रू0 दो हजार पांच सौ)**
**प्रत्येक अभ्यर्थी के एक कक्षा की दो विषय के प्रायोगिक परीक्षा हेतु रू0 4000.00 (रू0 चार हजार)**
**प्रत्येक अभ्यर्थी के एक कक्षा की तीन विषय के प्रायोगिक परीक्षा हेतु रू0 5000.00 (रू0 पांच हजार)**

वर्ष–2017 परीक्षा में जिन अभ्यर्थियों की प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा छूट गयी है, ऐसे अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ddugorakhpuruniversity.in पर मैनुवल फार्म डाउनलोड कर अथवा परीक्षा सामान्य कार्यालय से प्राप्त कर फार्म के साथ परीक्षा वर्ष–2017 में सम्मिलित होने का प्रवेशपत्र एवं अंकतालिका की छायाप्रति संलग्न कर, सम्पूरित परीक्षा फार्म सम्बन्धित अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/प्राचार्य से अग्रसारित करा कर, उपरोक्त निर्धारित तिथि तक लेखा विभाग में निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करने के उपरान्त शुल्क रसीद के साथ अलग–अलग विषय का फार्म दिनांक 04/09/2017 तक विश्वविद्यालय के परीक्षा सामान्य कार्यालय में अभ्यर्थियों द्वारा स्वयं जमा किया जायेगा।

**नोट– छुटी प्रायोगिक परीक्षा हेतु मैनुवल फार्म विश्वविद्यालय के प्रशासकीय भवन स्थित परीक्षा सामान्य कार्यालय से भी प्राप्त किया जा सकता है।**

भवदीय

21/8/17

परीक्षा नियंत्रक